फर्द अहकाम

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी सिकराय (दौसा )

टीकाराम बनाम कस्तुरी वगै0

किस्म मुकदमा–प्रा0पत्र अस्थाई निषे0 मु.न. 138/2025

| तारीख हुक्म | | नंबर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील मे जारी हुए |
|---|---|---|
| 03.10.2025 | प्रार्थना पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा मय शपथ पत्र मय दस्तावेजों की नकलो की छाया प्रतिया संलग्न कर जरियें प्रार्थी अधिवक्ता श्री लखनलाल बैरवा एवं सी0एल0 मीना एड0 द्वारा पेश किया गया। हमने प्रार्थी अधिवक्ता की प्रा0 अस्थाई निषेधाज्ञा के अंतरिम अनुतोष पर एक पक्षीय बहस सुनी गई बहस का मनन किया गया पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजो की छायाप्रतियों का अवलोकन किया गया हमने प्रथम दृष्टया प्रार्थी अधिवक्ता की बहस से संतुष्ट होकर् यह पाया कि प्राईमा फैसी केस, सुविधा का संतुलन व अपूर्णनीय क्षति का सिद्वान्त प्रथम दृष्टया प्रार्थी के पक्ष में पाये जाने पर अप्रार्थीगणो को अंतरिम अस्थाई निषेधाज्ञा से पाबन्द किया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है।<br>अतः प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थीगण को इस आशय कि अन्तरिम अस्थाई निषेधाज्ञा से पाबन्द किया जाता है कि वाके ग्राम मुरलीपुर तहसील सिकराय जिला दौसा में स्थित भूमि खसरा नम्बर 240, 266/241 में आगामी तारीख पेशी तक विवादित भूमि के राजस्व रिकॉर्ड एवं मौके की यथास्थिति बनाएं रखें। अप्रार्थीगण की तलबी जरिये रजिस्टर्ड नोटिस की जावे। पत्रावली वास्ते इन्तजार तामील अप्रार्थीगण दिनांक 26.11..2025 को पेश हो ।<br>(हस्ताक्षर)<br>उपखण्ड अधिकारी<br>सिकराय जिला दौसा | |
| 26/11/25 | पत्रावली पेश। वकील प्रार्थी अनु0। पत्रावली में पैरवी हेतु खुले न्यायालय मे बार-बार आवाज लगाई गयी लेकिन कोई भी हाजिर नही आया। अतः पत्रावली अदम पैरवी अदम हाजिरी में खारिज की जाती है।<br>(हस्ताक्षर)<br>उपखण्ड अधिकारी<br>सिकराय जिला दौसा | |